मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-207
29/06/2019

मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के पुणे के कोंधवा में हुये हादसे में बिहार के मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है
मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना 29 जून 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के पुणे के कोंधवा में दीवार गिरने से हुये हादसे को अत्यंत दुखद बताया है तथा हादसे में बिहार के कटिहार के 15 लोगों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने पुणे के कोंधवा में हुये हादसे में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये अनुदान तथा घायलों को 50 हजार रूपये अनुदान देने की घोषणा की है। साथ ही संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली को पुणे जाने एवं हादसे में घायल लोगों की समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की भी ईश्वर से कामना की है।

******